हरिभूमि

# Jind में नकली कोल्ड ड्रिंक फैक्टरी का भंडाफोड़



**फैक्टरी में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर लोकल पेय पदार्थ भरा जा रहा था। लगभग पांच हजार खाली बोतल, भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक में बनाने वाला सामान तथा मशीनें बरामद की है।पुलिस ने फैक्टरी संचालक जयबीर तथा गौरव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।**



छापेमारी करते हुए पुलिस टीम व नामी गिरामी ब्रांडों से तैयार की गई नकली कोल्ड ड्रिंक्स।

Ashwani Kumar 29 Jun 2020 4:10 PM

हरिभूमि न्यूज : जींद

डिटेक्टिव स्टाफ ने टैंडरी मोड के निकट नकली कोल्ड ड्रिंक्स फैक्टरी (Fake Cold Drinks Factory) का भंडाफोड किया है। फैक्टरी पिछले छह माह से चल रही थी। छापामार टीम ने वहां से लगभग पांच हजार मरिंडा तथा डयू की भरी हुई बोतलें, पांच हजार खाली बोतलें, मशीन व अन्य साजो सामान बरामद कर दो लोगों को काबू किया है। पुलिस(Police) आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि टैंडरी मोड के निकट नकली कोल्ड ड्रिंक्स फैक्टरी चल रही है। नामी गिरामी ब्रांडों के नाम से कोल्ड ड्रिंक्स बनाकर बाजार में बेचा जा रहा है। डीआईजी अश्विन शैणवी तथा एएसपी अजित सिंह शेखावत के दिशा निर्देशों पर डिटेक्टिव स्टाफ के सब इंस्पेक्टर कर्णसिंह के नेतृत्व में फैक्टरी पर छापेमारी की गई। फैक्टरी में मौजूद गांव जागसी निवासी जयबीर तथा रोहतक रोड निवासी गौरव कोल्ड ड्रिंक्स फैक्टरी से संबंधित कागजात दिखाने में नाकाम रहे। छापामार टीम ने वहां से लगभग पांच हजार मरिंडा, डयू की भरी हुई बोतलें, लगभग पांच हजार खाली बोतल, भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक में बनाने वाला सामान तथा मशीनें बरामद की है। डिटेक्टिव स्टाफ कर्मी की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने फैक्टरी संचालक जयबीर तथा गौरव के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

**छह माह से चल रही थी फैक्टरी**

टैंडरी मोड के निकट फैक्टरी पिछले छह माह से चल रही थी। जिसे रॉयल कोल्ड ड्रिंक का नाम दिया गया था। हैरानी की बात यह है कि काफी दूर तक नकली कोल्ड ड्रिंक की सप्लाई होती रही। धड़ल्ले से नामी गिरामी ब्रांडों की कोल्ड ड्रिंक का निर्माण होता रहा। बावजूद इसके किसी का भी ध्यान नकली कोल्ड ड्रिंक फैक्टरी की तरफ नहीं गया। जबकि गर्मी के सीजन में नकली कोल्ड ड्रिंक का धंधा पिक पर है। जिन लोगों पर सेहत का जिम्मा है उन ने भी अवैध रूप से चल रही फैक्टरी की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। नामी गिरामी कोल्ड ड्रिंक ब्रांडों के नाम से लोगों की सेहत से खिलवाड़ लगातार होता रहा।

डिटेक्टिव स्टाफ के सब इंस्पेक्टर कर्ण सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर नकली कोल्ड ड्रिंक फैक्टरी पर छापेमारी की गई थी। फैक्टरी मालिक कागजात दिखाने में नाकाम रहा। फैक्टरी से भारी मात्रा में नकली कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलें व अन्य साजो सामान बरामद हुआ है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

---

Source: https://www.haribhoomi.com/local/haryana/fake-cold-drinks-factory-busted-in-jind-333374?infinitescroll=1